भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3750**
**11 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए**

## दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में चोरी के मामले

3750. **श्री कीर्ति आज़ादः**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को सेल के दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) में मूल्यवान स्क्रैप, स्टील प्लेटों और अन्य इस्पात सामग्री की चोरी की घटनाओं की जानकारी है, यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार और घटना-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान संयंत्र में कुल कितनी मात्रा में सामग्री (टन में) चोरी हुई और सेल को कितनी वित्तीय हानि होने का अनुमान है;

(ग) क्या इन घटनाओं के संबंध में सेल, मंत्रालय या किसी अन्य एजेंसी द्वारा कोई जांच/छानबीन की गई है, यदि हां, तो इस तरह की जांच के प्रमुख निष्कर्ष क्या हैं;

(घ) क्या जांच से डीएसपी प्रबंधन, ठेकेदारों अथवा सीआईएसएफ के किन्हीं अधिकारियों/कर्मचारियों की संलिप्तता का पता चला है, यदि हां, तो जिम्मेदार पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ) सरकार द्वारा भविष्य में मूल्यवान स्क्रैप स्टील सामग्री की चोरी को रोकने, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए क्या ठोस उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ङ) स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए अपने सभी संयंत्रों/इकाइयों में व्यापक सुरक्षा और निगरानी प्रणालियां स्थापित करती है, जिसमें जीपीएस सक्षम वाहन ट्रैकिंग प्रणाली और निर्धारित प्रवेश और निकास स्थल पर चौबीसों घंटे सुरक्षा के साथ सीसीटीवी निगरानी शामिल है। सेल के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में मूल्यवान स्क्रैप, इस्पात प्लेट या अन्य इस्पात सामग्री से संबंधित चोरी की कोई घटना दर्ज नहीं की गई है।

*******